बिना FSDA की छापेमारी:मुजफ्फरनगर में 1.5 करोड़ का नकली सप्लीमेंट व प्रोटीन पाउडर बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में जिम में कसरत करने वाले युवाओं को प्रोटीन के नाम पर जहरीला पाउडर परोसा जा रहा था। इसका खुलासा पुलिस विभाग की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस टीम ने खाद्य एवं औषधि विभाग को इस कार्रवाई से दूर रखते हुए रुड़की रोड स्थित राज मार्केट से फूड सप्लीमेंट से जुड़े अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने 1.5 करोड़ रुपए का सप्लीमेंट व प्रोटीन बरामद किया है।

ब्रांडेड कंपनियों के डिब्बे में नकली प्रोटीन

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सिविल लाइन पुलिस और क्राइम ब्रांच ने एक नकली सप्लीमेंट प्रोटीन बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह तीनों युवक जिम में आने वाले युवाओं को हष्ट-पुष्ट बनने का दावा कर नकली सप्लीमेंट और प्रोटीन बेचते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि ब्रांडेड कंपनियों के बॉक्स में इस नकली सप्लीमेंट प्रोटीन को भर देते थे।

और किन जिलों में हुई सप्लाई, पता करने में जुटी पुलिस

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मुजफ्फरनगर के अलावा और किन-किन जनपद में इन नकली सप्लीमेंट प्रोटीन की सप्लाई कर रहे थे। एसएसपी ने बताया कि इस नकली सप्लीमेंट प्रोटीन को प्रयोग करने वाले युवकों के शरीर पर खतरनाक असर हो सकता है। इसके अधिक सेवन से जान का खतरा भी बन सकता है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/meerut/news/drug-dealers-arrested-with-fake-supplements-and-protein-in-up-muzaffarnagar-127940178.html